वी.यू. ने किया विद्यासागर सेवाश्रम गौशाला, गोसलपुर में पंचगव्य इकाई का शुभारंभ

जबलपुर। आज नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रयाग दत्त जुयाल जी ने विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ श्री विद्यासागर सेवाश्रम गौशाला गोसलपुर तहसील सिहोरा का भ्रमण किया जहां गौशाला के समस्त पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय से पधारें माननीय कुलपति महोदय जी एवं अधिकारियों का स्वागत तिलकवंदन कर श्रीफल भेंट किया। कुलपति जी ने सर्वप्रथम मंदिर में देवदर्शन किए उसके बाद गौशाला का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान गौशाला में कुल 296 गायें, सांड, बछडे व बछियों का अवलोकन करते हुए, उन्होंने गौशाला में पंचगव्य इकाई का शुभारंभ किया। जिसमें वीयू के अधिकारियों द्वारा गोबर से गमले एवं लकड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया इसके साथ ही गौशाला प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलूओं गौवंश नस्ल सुधार, संतुलित आहार पोषण एवं पशु चिकित्सा से संबंधित विषयों पर विस्तरित जानकारी प्रदान की गयी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के डॉ. सलिल जैन, सेवानिृवत्त संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. अनिल कुमार गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ. सचिन कुमार जैन, प्रभारी प्राचार्य, विटरनेरी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, एवं डॉ. नीता मिनोचा, पशु चिकित्सा अधिकारी, सिहोरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर गौशाला समिति के श्री अरूण जैन, अध्यक्ष, श्री राकेश जैन, कोषाध्यक्ष, दादा श्री महेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता, श्री संजय जैन, अध्यक्ष जैन समाज, श्री अमित जैन, सदस्य, श्री संदीप जैन, सदस्य, श्री राम विशाल पटैल व अन्य कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय,
अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)